डी आर भोपाल

01

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | चैत्र शुक्ल पक्ष 02 – 2082 | भोपाल, दिन शुक्रवार, दिनांक 20 मार्च, 2026

न्यूज गैलरी

चार पर्वों पर नगर निगम सीमा में नहीं बिकेगा मांस

भोपाल। नगर निगम ने धार्मिक पर्वों के मद्देनजर शहर में मांस बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। निगम सीमा में 20 मार्च (होली संवि), 27 मार्च (रामनवमी), 31 मार्च (महावीर जयंती) और 1 मई (बुद्ध जयंती) को सभी मांस की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। निगम प्रशासन का कहना है कि इन तारीखों पर यदि किसी भी प्रकार का मांस बेचते पाया गया तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें लाइसेंस निरस्त करने के साथ पुलिस कार्रवाई भी शामिल होगी। निगम ने मांस बिक्रेताओं से निर्देशों का पालन करने को कहा है, ताकि शहर में कानून-व्यवस्था बनी रहे और धार्मिक भावनाओं का सम्मान हो सके।

बैटीचंड पर बैरागढ़ में आज निकलेगी शोभायात्रा,रु शाम 4 बजे से ट्रैफिक डायवर्ट

भोपाल। बैटीचंड के मौके पर 20 मार्च को बैरागढ़ क्षेत्र में सिंधी समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 5 बजे शुरू होने वाली इस शोभायात्रा और बैरागढ़ ब्रिज निर्माण कार्य के कारण इलाके में ट्रैफिक का दबाव बढ़ने की आशंका है। इसके मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने शाम 4 बजे से डायवर्सन प्लान लागू किया है।

लालघाटी चौराहे से खजूरी बायपास और सीहोर की ओर जाने वाले वाहन अब सीधे बैरागढ़ की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। इस मार्ग पर ट्रैफिक नरसिंहगढ़ तिराहा, गांधी नगर तिराहा और सुभाषपुर बायपास होते हुए खजूरी बायपास से आगे बढ़ेगा।

इंदौर और सीहोर से आने वाले वाहनों के लिए भी नया रूट तय किया गया है। वाहन बैरागढ़ की ओर मोड़कर खजूरी बायपास, सुभाषपुर बायपास, एक्सीलेंट, गांधी नगर तिराहा और नरसिंहगढ़ तिराहा होते हुए लालघाटी चौराहे पहुंचेंगे। बैरागढ़ के आसपास के गांवों से आने-जाने वाले वाहन चालकों के लिए अलग व्यवस्था की गई है। भीमी मोड़ से सुभाषपुर और गांधी नगर मार्ग होते हुए स्थानीय वाहन लालघाटी आ-जा सकेंगे।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को अब नियमित पदों जैसा भुगतान

भोपाल। स्वास्थ्य विभाग के सामुदायिक कार्यालयों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कंप्यूटर ऑपरेटर, वाहन चालक, चपरासी, चौकीदार और स्वीपर जैसे पदों के लिए समयबद्ध वेतन निर्धारण के आदेश जारी किए हैं। इससे इन कर्मचारियों को नियमित पदों के न्यूनतम वेतन के अनुरूप भुगतान का आधार मिलेगा। दरअसल, 2023 की संविदा नीति में सभी विभागों के कर्मचारियों को यह सुविधा दी गई थी, लेकिन सामुदायिक कार्यालयों के कर्मचारी इससे बाहर थे। अब उन्हें भी शामिल कर लिया गया है। हालांकि, कर्मचारियों ने वरिष्ठता को आधार न बनाने और वेतन अंतर बने रहने पर असंतोष जताया है।

भोपाल में गैस संकट गहराया

भोपाल। भोपाल के औद्योगिक क्षेत्रों में गैस संकट गंभीर होता जा रहा है। लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की सप्लाई में 20 कमी से फार्मा, इंजीनियरिंग और पैकेजिंग सेक्टर में उत्पादन 30–40 तक घट गया है। यहीं, कमर्शियल एलपीजी की कमी के चलते फूड प्रोसेसिंग, धातु प्रसंस्करण और पेंट्रिकेशन से जुड़े 500–600 उपक्रम बंद होने की कगार पर हैं।

मुड़ी पड़वा से गंगा दशहरा तक 139 दिन तक प्रदेश में चलेगा

जल गंगा संवर्धनश अभियान में जल स्त्रोतों के विकास कार्य होंगे

सीएम ने कहा कि अगर जीवन को सफल करना है तो प्राचीन समय के उन कुए, नदियों, तालाब, बावड़ियों का जीर्णोद्धार करना होगा, जिनका सम्राट विक्रमादित्य, लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर, महाराज सिंधिया ने निर्माण कराया था

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल संरक्षण अभियान में प्रदेशभर के जल स्त्रोतों के विकास कार्य करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान में 3 महीने तक लगातार जल संचय की गतिविधियां संचालित होंगी, जिसमें 2500 करोड़ की राशि से सभी विधानसभा, नगरीय निकायों और पंचायत स्तर पर जल संवर्धन और संचय के कार्य किए जाएंगे। सरकार ने पहले वर्ष में 30 दिन, दूसरे वर्ष में 120 दिन चलाया और तीसरा तीसरे वर्ष में गुड़ी पड़वा से गंगा दशहरा तक 139 दिनों तक प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को इंदौर के इस्कॉन मंदिर में आयोजित तीसरे राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभकार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हमारी सनातन संस्कृति की सबसे पवित्र धारा है।

उन्होंने कहा कि गंगा नदियों का वाहक है, जहां से 250 से अधिक नदियां निकलती हैं। मां गंगा के पवित्र जल से गंगा के साथ एकात्मता में भी अनंत की भावना बढ़ती है। इन्हीं नदी जोड़ो परियोजनाओं का लाभ मध्यप्रदेश राज्य राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी मिल रहा है।

गुरुवमंत्री ने तीसरे राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियाज का किया शुभारंभ

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में होंगे २५०० करोड़ राशि से विकास कार्य

नदी जोड़ो परियोजनाओं का लाभ पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी मिल रहा

सनातन संस्कृति की पवित्र धारा का अभियान है जल गंगा संवर्धन

नदियां शरीर की रक्त धमनियों की तरह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर के कान्हाबाग से निकली पवित्र क्षिप्रा नदी उज्जैन तक जाकर गंभीर नदी की रक्त धमनियों की तरह है, जो पूरी धरा को पोषण देती है। उन्होंने कहा कि अभियान में जल के संरक्षण से जल संचयी परियोजना है। उन्होंने कहा कि अगर जीवन को सफल करना है तो प्राचीन समय के उन कुए, नदियां, तालाब, बावड़ी का जीर्णोद्धार करना होगा, जिनका सम्राट विक्रमादित्य, लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर, महाराज सिंधिया ने निर्माण कराया था।

22 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी सीए ने इंदौर में अमृत 2.0 परियोजना में

जिला जिले में 1272 करोड़ लागत से बिलावली तालाब, बड़ा करोड़ लागत से सिमरोली तालाब 242 करोड़ लागत से छोटा सिल्लर तालाब के जीर्णोद्धार कार्यों के भूमि-पूजन सहित 22 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जल के महत्व को बताने और एक-एक बूंद संरक्षण

कोर्ट से जमानत मिली, जेल के गेट से रिहा होते ही पुलिस ने फिर उठाया

असलम फिर गिरफ्तार, एनएसए में जेल

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल नगर निगम के स्वीपर हत्या से निकले मांस में गोमांस की पुष्टि के मामले में आरोपी असलम कुरैशी उर्फ रबनवाज को बुधवार शाम जेल से रिहा होते ही दोबारा हिरासत में ले लिया गया। एडीजी पंकज कुमार जैन की अध्यक्षता में 70 दिन बाद असलम को 35 हजार रुपए के बांड पर रिहा तो था कि पुलिस ने उसे कस्टडी में ले लिया। गुवाहाटी पर जमानत दी थी। सिंहई के दौरान वह भोपाल सेंट्रल जेल साकेत नगर पुलिस ने पहले जारी मंग की आरोपा में धारा 151 के तहत कार्रवाई की। इसके बाद राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाकर उसे जिला जेल भेज दिया गया। बता दें कि यदि किसी व्यक्ति से लोक व्यवस्था को खतरा होने की आशंका हो, तो उसे रोकने के लिए एनएसए लगाया जा सकता है।

पुलिस का दावा: बदला लेने की बात पर एनएसए लगाई

पुलिस के मुताबिक, सिंहई के साथ असलम और उसके साथियों ने नशेबाजी की। आरोप है कि असलम ने कहा कि जिन लोगों ने उसे इस मामले में फंसाया है, उनसे बदला लिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि ऐसी स्थिति में उसकी सिंहई लोक व्यवस्था के लिए खतरा बन सकती थी, इसलिए एनएसए के तहत कार्रवाई की गई।

परिजन बोलेंगे यह कानून का दुरुपयोग, चुनौती देंगे

असलम के परिजनों ने कहा- जेल से बाहर निकलते ही पुलिस ने फिर ले गई। वे लगातार दबाव बनाते रहे, पर कोई जानकारी नहीं मिली। गुरुवार सुबह गिरफ्तारी और रासुका की कार्रवाई की जानकारी सामने आई। इधर, असलम के वकील जगदीश गुप्ता ने इस कार्रवाई को कानून का दुरुपयोग बताया है। उन्होंने कहा कि इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।

लोकसभा में रेल मंत्री वैष्णव बोले- भोपाल - बुधनी से रामगंजमंडी तक तेज होंगे काम

लोकसभा में रेल मंत्री वैष्णव बोले- भोपाल - बुधनी से रामगंजमंडी तक

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

लोकसभा में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस बार का रेल बजट 78 लाख करोड़ का अब तक का सबसे बड़ा है। रेलवे के तेजी से विस्तार और आधुनिकीकरण का सीधा लाभ मध्य प्रदेश और खासकर भोपाल क्षेत्र को मिल रहा है। मध्य प्रदेश में रेल बजट में लगभग 5 गुनी वृद्धि हुई है। 2009–14 में औसत बजट 632 करोड़ प्रति वर्ष था, जबकि 2025–26 में यह बढ़कर 14,745 करोड़ हो गया, यानी लगभग 23 गुना बढ़ोतरी। इससे प्रदेश में नई रेल लाइन बिछाने और पुराने ट्रैक अपग्रेड करने का काम तेजी से हो रहा है। रेलवेलाइनों के दूहरे होने के बाद भोपाल, बुधनी, इटारसी और आसपास के क्षेत्रों में यात्री आवागमन तेजी और उद्योग व व्यापार को भी नया बढ़ावा मिलेगा।

145 किलोमीटर नई रेलवे ट्रैक प्रोजेक्ट

2009–14 के बीच जहां केवल 145 किमी नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए, वहीं 2014–25 के दौरान यह आंकड़ा बढ़कर 2681 किमी हो गया। औसत लगभग भी 29 किमी प्रतिवर्ष से बढ़कर 241 किमी प्रतिवर्ष पहुंच गई है, जो 9 गुना से अधिक है।

भोपाल और आसपास अहम

भोपाल–बीना, बरखेड़ा–भोपाल और बुधनी–रामगंजमंडी लाइन से ट्रेनों की रफ्तार और क्षमता बढ़ेगी। इटारसी–बुधनी तीसरी लाइन से व्यस्त रूट का दबाव कम होगा। रामगंजमंडी–भोपाल (लगभग 145 किमी), इंदौर–बुधनी (196 किमी) और बीना–कोटा दोहरीकरण होगा।

पंच पर गुना विधायक ने कलेक्टर को बताया नाकारा

डीआर संवाददाता ▶▶ गुना

गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने बुधवार को पालना भवन में आयोजित विकासखंड कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर किशोर पन्नालाल शाक्य वन्नालाल को मंच से ही आड़े हाथ लिया। उन्होंने कलेक्टर को नाकारा और हकारजों में वसूल करने वालार बताते हुए गुनिया नदी के अतिक्रमण हटाने की योजना पर भी तंज कसा। विधायक ने कहा कि अफसरों ने काम करने से कुछ नहीं होगा, जमीन पर परिणाम दिखने चाहिए। उस समय कलेक्टर भी कार्यक्रम में मौजूद थे। विधायक ने कलेक्टर से कहा कि गुनिया नदी का काम

आसान नहीं है और इस पर बारीकी दबाव भी आएंगे। शेष पेज 16 पर

कलेक्टर पर तंज इसलिए

पिछले साल बाढ़ के बाद भुनिया, पनरिया और अंबेडिया नदियों से अतिक्रमण हटाने अभियान चला। 300 मकानों को नोटिस दिए गए, लेकिन तीन महीनों बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। अब दोबारा अभियान शुरू होने पर विधायक ने पुराने प्रस्तावों की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं।

बैरसिया में पाइपलाइन देरी पर हंगामा, सुपरवाइजर के मुंह पर पोती कालिख

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल के बैरसिया में शहरी अमृत 2.0 जलापूर्ति योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने में हो रही देरी को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। करीब दो साल पहले शुरू हुई इस योजना का काम अब तक अधूरा है, जिससे नागरिक जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय में पार्षद प्रतिनिधि रवि कुशवाहा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित पार्षदों ने ठेकेदार के सुपरवाइजर के मुंह पर कालिख पोतकर अपना विरोध जताया। उनका कहना है कि ठेकेदार पिछले दो साल से लगातार आश्वासन दे रहा है, लेकिन काम पूरा करने में कोई गंभीरता नहीं दिखा रहा।



करीब 22 करोड़ रुपए की इस योजना का उद्देश्य शनशाबाद रोड से बैरसिया तक पाइपलाइन बिछाकर हर घर तक पानी पहुंचाना है, लेकिन अधूरे सर्वे के कारण शहर की सड़कों और गलियों में जगह-जगह खुदाई कर छोड़ दी गई है। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, उखड़ी सड़कों और खुले गड्ढों के कारण हादसों का खतरा बढ़ गया है और आए दिन छोटे-मोटे हादसे हो रहे हैं। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि जलining शुरू नहीं किया गया तो ठेकेदार विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच की जिम्मेदारी दी जाए।

इंदौर में बड़ा हादसा, ईवी में चार्जिंग के वक्त लगी आग, घर आए 6 मेहमानों की भी गई जान

एक का डिफेंटल लॉक नहीं खुला, 8 जिंदा जले

डीआर संवाददाता ▶▶ इंदौर

बुधवार रात्रि शहर में एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें नगर इलाके के ब्रजेश्वरी से सटे प्रीति नगर में एक घर में आग लगने से आठ लोग जिंदा जल गए। हादसे में चार स्कूल बस के सुरक्षित बच, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान हुए शार्ट सर्किट से हुआ जो पूरे घर में फैल गई। इस दौरान घर में रखे एलपीजी सिलेंडर फटने लगे और आग तेजी से फैल गई। तिलकनगर मुख्यालय से सभी मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि घटना बुधवार अलसुबह करीब 3:30 से 4 बजे के बीच की ब्रजेश्वरी एनक्लेव में रहने वाले प्लास्टिक कारोबारी मनीष पुगलिया (48) के घर की है। वे वहां पत्नी

छठवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष बने जयभान पटैया

भोपाल। प्रदेश सरकार ने राज्य वित्त आयोग में राजनीतिक नियुक्तियों पर सहमति बना ली है। छठवें राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष पूर्व मंत्री जयभान सिंह पटैया को बनाया गया है। मालवा के वरिष्ठ नेता पटैया ग्वालियर से लोकसभा सदस्य भी रह चुके हैं। आयोग में उनके साथ पूर्व आईएएस वीके सिंह और विधानसभा के पूर्व एडिशनल सेक्रेटरी वीरेंद्र कुमार को सदस्य सचिव बनाया जाएगा। वीरेंद्र कुमार राज्य वित्त सेवा के अधिकारी रह चुके हैं और

मौसम नव संवत्सर का स्वागत बूंदाबांदी से आरंभ

प्रदेश के कई जिलों में मौस बदला, हल्की बारिश ओले गिरे, बारिश का अलर्ट

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

गुरुवार को चैत्र नव वर्ष (गुड़ी पड़वा) के के पहले दिन मौसम बदला हुआ रहा। भोपाल, उज्जैन सहित 28 जिलों में बादल छाने, गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी, हल्की बारिश और तेज हवा चलने की चली। मौसम केंद्र ने सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

भोपाल में बारिश, बढ़ाएगी सर्दी प्रदेश के कई इलाकों में ओले

भोपाल चैत्र प्रतिपदा पर गुरुवार को भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे, रात को हमीदिया रोड समेत कई इलाकों में बारिश हुई। प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी मौसम का असर देखने को मिला। मालवा-निमाड़ क्षेत्र के कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में अनूपपुर, खंडवा और बुरहानपुर में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। बड़वानी में बाले गिरे। बुरहानपुर समेत निमाड़ के कई इलाकों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चली। आज प्रदेश मौसम केंद्र भोपाल की पूर्वानुमान अधिकारी डॉ. विभा ई. सुहेन के अनुसार, शुक्रवार को भोपाल में बादल छाए रह सकते हैं और तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट संभव है। अगले 48 घंटे में प्रदेश में गरज-चमक और कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

केदारनाथ में 2 फीट बर्फ

प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में खुलेंगी कृषि यंत्र की दुकानें प्राकृतिक व जैविक

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में मशीनों का उपयोग प्रधान तरीके हुए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान भाई इसमें जुड़ें।

किसान मशीनों न जलाए, इससे धरती मां की उर्वरता क्षमता प्रभावित होने लगती है। प्राकृतिक खेती के उत्पादों को मंडी में बेचने के लिए विशेष प्रबंधन किए जा रहे हैं। लघु किसानों को उन्नत कृषि यंत्र किराए पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कृषि यंत्र की दुकानें (कस्टम हायरिंग सेंटर) खोली जाएंगी। किसान कल्याण वर्ष में प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में किसान सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को हरदा में कृषि कल्याण कौशल विकास एवं कस्टम हायरिंग पर केन्द्रित राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र सबसे तेज गति से सुगमों को रोजगार दिलाने वाला राज्य है। दूसरी ओर लाडली बहनों को हर माह 1500 रुपए की सौगात दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हरदार भगवान मलसम प्रदेश के किसान भाइयों के आभारी हैं। राज्य सरकार ने किसान कल्याण वर्ष मनाने की शुरुआत की है। खेती के साथ बागवानी और पशुपालन के प्रोत्साहन पर भी जोर दिया जा रहा है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने हरदा जिले को दी 232 करोड़ रुपए के 41 विकास कार्यों की सौगात

75 नवनियुक्त सहकारिता निरीक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

डी आर सीहोर

02

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | चैत्र शुक्ल पक्ष 02– 2082 | सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 20 मार्च, 2026

न्यूज गैलरी

ट्रांसफार्मर और पोल के पास ठेले न लगाएं, बिजली कंपनी की चेतावनी

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने व्यापारियों और फेरी वालों को चेतावनी दी है कि वे ट्रांसफार्मर और बिजली पोल के पास ठेले या गुमटियां न लगाएं। इससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। कंपनी ने कहा कि कई स्थानों पर नियमों का उल्लंघन हो रहा है, जो जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे अतिक्रमण स्वयं हटाएं अन्यथा विभाग कार्रवाई करेगा।

ग्रीष्मकालीन मूंग में कीटनाशकों का कम करें उपयोग, मंत्री की अपील

सीहोर। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने किसानों से ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक और खरपतवार नाशक दवाओं का कम उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अधिक दवाओं के उपयोग से फसल में अवशेष रह जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। संतुलित उपयोग से किसानों की आय के साथ उपभोक्ताओं की सेहत भी सुरक्षित रहेगी।

कन्या शिक्षा परिसर सीहोर में कक्षा 7वीं–8वीं के लिए आवेदन आमंत्रित

सीहोर। कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7वीं और 8वीं (अंग्रेजी माध्यम) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सीमित सीटों पर मेरिट व लॉटरी मूल्यांकन के आधार पर चयन होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2026 है। चयनित छात्राओं को निशुल्क आवास, भोजन, पुस्तकें व गणवेश मिलेंगे। निर्धारित वर्गों सहित पात्र छात्राएं आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9630252920।

महाष्टमी पर गरीब माता मंदिर में मध्यरात्रि महाआरती, नवमी पर भंडारा

सीहोर। नवरात्रि के अवसर पर विश्वनगर स्थित गरीब माता मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। महाष्टमी की रात्रि 12 बजे निकट महाआरती और नवमी पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नौ दिनों तक माता के विभिन्न स्वरूपों का शृंगार व हवन-पूजन होगा। मंदिर व्यवस्थापक गोविंद सेवड़ा ने बताया कि प्रतिदिन सुबह हवन और विशेष पूजा-अर्चना होगी। आयोजन में शहर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

ट्रांसफार्मर, पोल के पास ठेले न लगाएं, हो सकता है हादसा

सीहोर। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि व्यापारी या फेरी वाले बिजली वितरण ट्रांसफार्मर एवं पोल के आसपास हाथ ठेले या गुमटियां न लगाएं। ऐसा करने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि कई स्थानों पर ऐसा देखने में आ रहा है कि लोग अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं।

अग्नि वीर भर्ती 1 अप्रैल तक आवेदन, परीक्षा 15 जून

सीहोर। भारतीय सेना में अग्नि वीर पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन चल रहे हैं। इच्छुक, पात्र अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया में ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 1 जून से 15 जून के बीच होने की संभावना है। अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले निर्देश ध्यान से पढ़ने की सलाह दी गई है।

चैत्र नवरात्रि | चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने माता के दर्शन किए

सलकनपुरा माता धाम मंदिर में लगे भक्तों की कतार, घर –घर घटस्थापना

डीआर संवाददाता»सीहोर

गुरुवार से शुरू हुए चैत्र नवरात्रि पूजी भक्ता की जिसें भर में श्रद्धा के साथ शुरू हुआ। चैत्र नवरात्र के पहले दिन सलकनपुर माता सहित सभी मंदिरों में माता के भक्तों की सुबह से भीड़ देखी गई।

श्रद्धालुओं द्वारा गुरु पक्ता के दौरान धार्मिक अनुष्ठान किए। माता के भक्तों ने घट घट स्थापना कर माता की उपासना शुरू की।

इससे पूर्व बुधवार को अमावस्या की पावन वेला में नर्मदा घाट आस्था से सराबोर नजर आए। आधी रात से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और सर्दियों हटने के अवसरों के बीच लाखों भक्तों ने मां नर्मदा की पवित्र धारा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आवलीघाट, बुधनी और नीलकंठ जैसे प्रमुख घाटों पर स्नान करने की भी जमकर भीड़ थी। हर भक्त श्रद्धा से गंगा और नर्मदा में एक ही घाट–मां नर्मदा का आशीर्वाद।

आवलीघाट पर इस बार भक्ति जमने लगन पर विलक्षण थी। अमावस्या से दो दिन पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। रात 12 बजे से स्नान का सिलसिला शुरू हुआ, जो सुबह तक निरंतर चलता रहा। घाट पर शंख–नगाड़े, भजन कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज ने वातावरण और पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। बुधवार शाम तक करीब एक लाख से अधिक भक्त मां नर्मदा में स्नान का पुण्य लाभ ले चुके थे।

आवलीघाट का है पौराणिक महत्व

प्रसिद्ध नर्मदा तट आवलीघाट का पौराणिक एवं सांस्कृतिक महत्व भी है। कहा जाता है कि यहां पर ऋषिमुनियों ने तपस्या की थी। यहां पर प्राचीन नर्मदा मंदिर है, यहां प्रतिवर्ष भीम मजेवा नदी में स्नान करने आते हैं। इन दो तिथियों में भीम प्रतिवर्ष यहां पर स्नान कर वापस चले जाते हैं। यहां नदी के घाट रात भर भीम के पैरों के निशान जो कि करीब 20 इंच लंबे होते हैं, जो इन तिथियों के आसपास दिखाई देते हैं। कुछ मान्यता इन पैरों के निशान को पूजा भी मानते हैं। कुछ स्थानीय पंडाल इन पैरों के निशानों का रोज ही गंगा ही नहीं चलता। इसके अलावा नर्मदा तट आवलीघाट पर अनेक ऋषि मुनि तपस्या करने आते थे। पुराणों में भी इनका उल्लेख मिलता है। आवलीघाट पर खरगे की ओर बनाकर्षी है। इसमें से होकर निकलने पर मन की सारी बुराई पूरी होती है। कुछ लोग इसे इंसान भी कहते हैं। घाट तट पर मां नर्मदा के प्राचीन मंदिर है, उसी प्रसिद्ध घाट पर प्राचीन कपिला मंदिर, श्री 1008 श्री दुर्गानंदी महाराज बुनीयाले बाबाजी की समाधि स्थल, भगवान शंकर का मंदिर हनुमान मंदिर एवं अनेक मंदिरालाए है। यहां सबसे प्राचीन नर्मदा मंदिर है। यहां कुलाह से सेजर नागाबार तक शांति सेवा है। यह भी मान्यता है कि सोमवती अमावस्या पर आवलीघाट में शाल स्नान दर्शन बन योगयुक्त हुए थे। इसे कर्मकाण्ड करते हैं। आवलीघाट से दो किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में रूना ग्रामीण है। यहां मध्यस्थ दाता को खाती है।

रास पर लगा मूंगे का मेला

चैत्र नवरात्रि से पहले आने वाली अमावस्या को मूंगड़ी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन आवलीघाट तट पर मूंगे का मेला भी लगता है। इसलिए यह मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी है और आज भी इस परंपरा को निभाया जा रहा है। कहा जाता है कि जिन लोगों के शरीर में बाहरी बाधाएं होती हैं उनको यहां पर नर्मदा स्नान के लिए लाया जाता है। इसके अलावा जिन लोगों को देवी देवता शरीर में आते हैं वे भी इस दिन यहां पर स्नान के लिए आते हैं। एक यहां पर स्नान करके नए वस्त्र धारण करते हैं। इस दौरान वे अपने घर देव स्थान के शर्त को भी नर्मदा में शुद्ध करते हैं। पुराने वस्त्रों को यहीं पर छोड़कर जाते हैं। इसके बाद जिन लोगों को बाहरी बाधाएं रहती हैं उनके शरीर में उनकी बुलाया जाता है। इस दौरान खेल कौतुक, मंजीरे भी बजाए जाते हैं। कई

अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल, दिया आश्वासन

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिला अस्पताल में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी बुधवार को आकस्मित अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें 2 महीने से वेतन नहीं मिला। पिछले 7 महीने से कंपनी ने ईपीएफ भी जमा नहीं किया। कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी के सुपरवाइजर से बात करने पर वेतन रोकने की धमकी दी जाती है।

कर्मचारियों ने जिला अस्पताल के सामने प्रदर्शन किया। कर्मचारी ज्ञापन देने के बाद सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे। सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार खेतरिया ने 26 मार्च तक वेतन दिलवाने का आश्वासन दिया। वहीं सिविल सर्जन ने सोमवार तक वेतन दिलवाने का आश्वासन दिया। देर शाम तक कर्मचारियों ने काम पर लौटने पर कोई निर्णय नहीं लिया। कर्मचारियों ने कहा कि संगठन जो निर्णय लेगा, उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी। हड़ताल के कारण एक्स–रे, ड्रेसिंग, प्लास्टर जैसे काम के लिए अस्पताल प्रबंधन ने अन्य कर्मचारियों को लगाया। बेडशीट नहीं बदली गई। टंगी हुई खाली बोतलें नहीं हटाई गई। जिला चिकित्सालय में तीन निजी कंपनियों के माध्यम से आउटसोर्स कर्मचारी तैनात हैं। सिम्स इन्फो. ने जिला अस्पताल के लिए 48 गार्ड, टास्किंग वर्क, 2 एंबुलेंस चालक, 2 डम्पयूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराए हैं। आष्टा के सिविल अस्पताल में भी आउटसोर्स कर्मचारियों ने हड़ताल की। अस्पताल में जगह–जगह लोग बोले–दिखाने से क्या होगा

बिजासन हॉस्पिटल पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

सीहोर। गंभीर की गंभीर के बाद रिकॉर्ड अनियमितता के बिजासन हॉस्पिटल में सीज की गोल से बाद सामान्य सूचना पकड़ना का रहा है। मरीजों के हवाले और लापरवाह पाए गए स्थानों के बीच प्रशासन और शासन विभाग की टीम ने अचानक पहुंचकर महत्वपूर्ण दस्तावेज व रिकॉर्ड जब्त कर लिए हैं। इन रिकॉर्डों की अब गहन जांच की जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। यह मामला पिछले कुछ दिनों से मीडिया में चर्चा में बना हुआ था, जिससे प्रशासन पर दबाव भी बढ़ा। अस्पताल पर पूर्व में भी लापरवाही के आरोप लग चुके हैं।

राजस्व मंत्री ने इछावर में 03 करोड़ 40 रूपये लागत के लाइब्रेरी एवं संस्कृतिक भवन निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

डीआर संवाददाता»सीहोर

राजस्व मंत्री कन्हैयालाल गर्ग ने इछावर के नेपानी गुमान एवं बीज शासकीय कॉलेज कॉलेज में लाइब्रेरी एवं सांस्कृतिक भवन के 03 करोड़ 40 लाख रूपये लागत के निर्माण कार्य भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना का निरंतर विकास कर रही है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी एवं सांस्कृतिक भवन बनने से विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन का वातावरण मिलेगा और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए मंच भी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है और उनके गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। राजस्व मंत्री श्री गर्ग ने कहा कि इस भवन के निर्माण से न केवल शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

गेहूं फसल पर भूमि का कब्जा देने के लिए चलवाया हार्वेस्टर

डीआर संवाददाता»बोरेला

बुधवार को कलेक्टेट सुनवाई ग्राम खाईखेड़ा के किसान ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित किसान घनश्याम पांगी ने सिटी कलेक्टर जगदीश खान को शिकायती पत्र देकर तहसीलदार बोरेला के द्वारा अवैधानिक तरीके से विरोधी किसान के पक्ष में कराई गई फसल की वापसी दिलाने और गलत कोर्ट में होने के बावजूद कब्जा दिलाने की कार्रवाई करने वाले तहसीलदार पटवारी पर कार्रवाई करने की मांग की है। मंगलवार रात 10 बजे किसान परिवार सोया था तो खेत पर लगा मूंगे का मेला चैत्र नवरात्रि से पहले आने वाली अमावस्या को मूंगड़ी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन आवलीघाट तट पर मूंगे का मेला भी लगता है। इसलिए यह मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी है और आज भी इस परंपरा को निभाया जा रहा है। कहा जाता है कि जिन लोगों के शरीर में बाहरी बाधाएं होती हैं उनको यहां पर नर्मदा स्नान के लिए लाया जाता है। इसके अलावा जिन लोगों को देवी देवता शरीर में आते हैं वे भी इस दिन यहां पर स्नान के लिए आते हैं। एक यहां पर स्नान करके नए वस्त्र धारण करते हैं। इस दौरान वे अपने घर देव स्थान के शर्त को भी नर्मदा में शुद्ध करते हैं। पुराने वस्त्रों को यहीं पर छोड़कर जाते हैं। इसके बाद जिन लोगों को बाहरी बाधाएं रहती हैं उनके शरीर में उनकी बुलाया जाता है। इस दौरान खेल कौतुक, मंजीरे भी बजाए जाते हैं। कई

दोराहा तहसीलदार ने नियम कानूनों को ताक पर रखकर किसान के विरोध के बावजूद खेत में खड़ी गेहूं की फसल पर हार्वेस्टर चलवा दिया। फसल काटने के बाद कब्जा दिलाने की कार्रवाई की मांग को लेकर ग्राम खाईखेड़ा निवासी किसान ने कलेक्टेट स्थित जनसुनवाई में गुहार लगाकर कलेक्टर से गेहूं की फसल काटने तक कार्रवाई रुकवाने की गुहार लगाई थी, लेकिन प्रशासन ने किसान के वादनी पर पानी फेर दिया। पीड़ित किसान घनश्याम का कहना था कि खेत में उसके द्वारा हजारों रुपए खर्च कर गेहूं की फसल बोई गई थी। भूमि से संबंधित विवादित प्रकरण कोर्ट में भी लंबित है। फिर राजस्व विभाग एक तरफा कार्यवाही कैसे कर सकता है।

तेज हवाओं के साथ गरज चमक के साथ बूंदाबांदी–बारिश के आसार

डीआर संवाददाता»सीहोर

चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर गुरुवार को सीहोर में दिनभर हल्के बादल छाए रहे और रात के समय शहर के कई इलाकों में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई। प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी मौसम का असर साफ तौर पर देखने को मिला। मालवा–निमाड़ क्षेत्र के कई जिलों में बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में अमृतपुर, रतलाम और बुरहानपुर में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश हुई, जबकि बड़वानी में ओले गिरने की खबर है। बुरहानपुर समेत निमाड़ के कई इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चली, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ।

मौसम केंद्र भोपाल की वरिष्ठ अधिकारी डॉ. दिव्या दुबे के अनुसार शुक्रवार को सीहोर में भी बादल छाए रहने की संभावना है और तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। कगारे 40 घंटों के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में गरज–चमक के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। इससे किसानों और आम लोगों को राहत मिल सकती है, हालांकि तेज आंधी और ओलावृष्टि से नुकसान की आशंका भी बनी हुई है।

समझौते के बाद भी मांगें अधूरी, पैक्स कर्मचारियों में आक्रोश, गेहूं खरीदी हो सकती है

डीआर संवाददाता»सीहोर

प्रदेश की प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं (पैक्स) के कर्मचारियों में शासकीय की व्यवस्थापकी को लेकर भारी रोष व्याप्त है। सहकारिता विभाग और कर्मचारी महासंघ के बीच हुए समझौते पर अमल न होने से नाराज कर्मचारियों ने अब आर–पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि शनिवार–सोमवार तक निराकरण नहीं हुआ, तो प्रदेशभर में सहकारी बैंकों की गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं, जिसका सीधा असर आगामी गेहूं खरीदी पर पड़ेगा।

गौरतलब है कि 22 सितंबर 2025 को विभागीय अधिकारियों और महासंघ के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक में आंदोलन स्थगित करने के लिए कई सहमतियां बनी थीं। इनमें मुख्य रूप से कर्मचारियों को अक्टूबर 2023 से लंबित वेतन देने और हर माह नियमित भुगतान का वादा किया गया था। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी अपूर्ण सहकारिता एवं भौतिक कार्यालय से इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। लंबित मांगें और कर्मचारियों की पीड़ा ने महासंघ के पदाधिकारियों के अनुसार, प्रशासन की सुस्ती के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रदेश के 34 जिलों के विकासखंडों का पिछले 18 महीनों का 64,000 का भुगतान अब तक नहीं मिला है सहायक प्रबंधकों को समिति प्रकाश के समक्ष 60 करोड़ के सहायता पारिश्रमिक बकाये का वादा बरसों तक रोकिया है। कमिश्नर विकेताओं की परिवीक्षा अवधि समाप्त करने की फाइल भी उसे बकाये में है। सरकार ने समझौते के बाद जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं कर वह कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। यदि मांगों पर तत्काल कार्यवाही नहीं हुई, तो आगामी गेहूं खरीदी की बहिष्कार कर सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

जैविक खेती को और अधिक विस्तार देने के लिए किसानों को किया प्रोत्साहित

कृषि विभाग की साइलोपिटएवं वर्मी कम्पोस्टयूनिटका कलेक्टर ने किया अवलोकन

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने इछावर तहसील के ग्राम ग्राम नरसिंहखेड़ा एवं सेजनिया में किसानों द्वारा की जा रही है जैविक खेती का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जैविक खेती कर रहे किसानों से संवाद किया और किसानों द्वारा उत्पादित किए जा रहे जैविक उत्पादों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें जैविक खेती को और अधिक विस्तार देने के लिए प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर बालगुरू के. ने निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग की नेचरफेड एग्रिस डेवलपमेंट (एग्री) योजना अंतर्गत स्थापित साइलोपिट एवं वर्मी कम्पोस्टर यूनिट का भी अवलोकन किया। उन्होंने इन इकाइयों के प्रभावी संचालन करने और अन्य किसानों को भी इन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए प्रेरित किया और नरवाई प्रबंधन के वैज्ञानिक उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को क्षति होती है एवं मृदा की उर्वरता प्रभावित होती है, इसलिए इसके वैज्ञानिक प्रबंधन को अपनाना आवश्यक है। कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने पटवारियों को निर्देश दिए कि वे हार्वेस्टर का उपयोग करने वाले किसानों की सूची तैयार करें और उन किसानों से भी पहचान करें जिनके खेतों में आग लगने की संभावना अधिक है। ऐसे किसानों पर विशेष रूप से जागरूक किया जाए ताकि वे नरवाई न जलाएं। उन्होंने नरवाई जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए कृषि विस्तार अधिकारियों एवं पटवारियों को सतत्त्व सक्रिय कर सतत निगरानी बनाए रखने एवं किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कृषि विभाग के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने भी किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए विभागीय योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध सहायता एवं सही सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम स्वाति मिश्रा, उपसंचालक अशोक उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी और किसान उपस्थित थे।

पार्वती कॉलोनी के पास बांस बेड़े में आग, दमकलें जुटी

डीआर संवाददाता»सीहोर

गुरुवार दोपहर पार्वती कॉलोनी के पास बांस बेड़े में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में बड़े–बड़े बांस के पेड़ तपती में गिर गए। आग के बीच बांसों से विस्फोट जैसी आवाजें आने लगीं। आसपास के रहवासी दहशत में आ गए।

सूचना पर दो दमकल मशीनें पहुंचीं। जल बुझाने की व्यवस्था शुरू हुई। एक तरफ आग बुझती, दूसरी तरफ फैल जाती। पहली तरफ फिर से आग भड़क जाती। दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

लपटें देखकर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। बाद में एक–एक बर करीब 4 दमकल के पानी से आग पर काबू पाया जा सका। गर्मी में बांसों में आपसी रगड़ से भी आग लग जाती है। सूखे पत्ते आग जल्दी पकड़ते हैं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर चैत्र शुक्ल पक्ष. 02- 2082 सीहोर,दिन शुक्रवार,दिनांक 20 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

27 डिग्री पर एसी चलाने से बिल में आएगी कमी

सीहोर। गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने जानकारी दी है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 27 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार स्प्लिट एसी की अपनी खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है।

आलोर पहुंचेगी सरदार

सीहोर। सरदार वल्लभभाई पटेल की एकता यात्रा गुजरात से शुरू हुई। यात्रा अलग-अलग प्रांतों से होकर आज सुबह 10 बजे सीहोर पहुंचेगी। यात्रा सैकड़ोंकी मार्ग से आएगी। बस स्टैंड, कोठवाली चौराहा मुख्य मार्ग, तहसील चौराहा से मंडी होते हुए श्यामपुर पहुंचेगी। श्यामपुर में चौथवा वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में सभा होगी। पाटीदार समाज के प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर पाटीदार, मनोज गुजराती ने बताया कि एकता यात्रा में शामिल रथ में सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृतियां रखी गई हैं। इनमें 3 किलो सोने का स्वर्ण शामिल है। यह साथ राजवाड़े में पुरुषार्थ स्वरूप दिया जा। रथ में उनके चरण पादुकाएं, पानी पीने का लोटा, शापूल भी रखा है।

ग्राम विकास के लिए लक्ष्य साफ होना जरूरी

बिलकिसगंज। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तहत विकासखंड सीहोर के सेलवा क्लस्टर के बिलकिसगंज के ग्राम भकोरी में ग्राम विकास प्रस्तुतीकरण समितियों की क्षमता बढ़ाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। आयोजन नवांकुर संस्था सुमन विजन सोशल वेलफेयर सोसायटी ने किया। यही संस्था ने प्रस्तुतीकरण समिति के सदस्य पहुंचे। सीएमसीएलटीपी के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। नवांकुर संस्था की मीनूदेवी रही। लोभान समन्वयक वरुण आचार्य ने कहा ग्राम विकास के लिए लक्ष्य साफ होना जरूरी है। काम योजना के साथ होना चाहिए। उन्होंने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अवधारणा बताई। उद्देश्य बताए। गठन की जानकारी दी। ग्रामीणों से विकास कार्यों में भागीदारी की अपील की। विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी।

ज्योतिष विज्ञान में पूजा प्रदेश में प्रथम, गोल्ड जीता

भैरूंदा। शाला पूजा शर्मा ने ज्योतिष विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की वर्ष 2025 की स्नातक परीक्षा में उन्होंने टॉप किया। राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उज्जैन में आयोजित 30वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें मेडल दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। पूजा शर्मा, पिता कमलेश शर्मा, भैरूंदा के ग्राम मंडी की निवासी हैं। उपलब्धि के बाद गांव में खुशी रही।

रात्रिकालीन बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट 27 मार्च से

भैरूंदा। स्थानीय क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच देने के लिए बोरखेड़ा कलां में रात्रिकालीन बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट होगा। आयोजन का शुभारंभ 27 मार्च को शाम 6 बजे शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगा। प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई बालिका टीमें खेलेंगी। खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा।

हड़ताल

सफाईकर्मियों की हड़ताल, अध्यक्ष प्रतिनिधि, पार्षद प्रतिनिधि ने चलाया कचरा

अध्यक्ष व सीएमओ बोले, सभी मांगे मान ली, दबाव बनाकर व्यक्तिगत मांगों को स्वीकृत कराना चाहते सफाई कर्मचारी

सीएमओ प्रणापति ने बताया कि शासन द्वारा सफाई मित्रों सहित अन्य कर्मचारियों की ई-अटेंडेंस का प्रावधान है, जिसका पालन कराना नप का दायित्व है।

डीआर संवाददाता-आष्टा

नगर पालिका लंबे समय से स्थानीय सफाईकर्मी एवं नगर पालिका प्रशासन के बीच में अव्यवस्था बनी हुई है। जिसके कारण नगर की सफाई व्यवस्था बार बार बिगड़ जाती है। मंगलवार से नगर पालिका के सफाईकर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया और बुधवार से हड़ताल पर जाने की धमकी दी थी। गतिरोध बुधवार सुबह से सफाई कर्मी हड़ताल पर चले गये। जिसके चलते पूरे नगर की सफाई व्यवस्था गड़बड़ा गई है। और पूरे नगर में जगह जगह गंदगी के ढेर नजर आने लगे और जगह-जगह कचरे के बड़े ढुमहर तक पड़े नजर आए।

सीएमओ ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया

सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने से नगर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था का जिम्मा उठाने स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राम सिंह मेवाड़ा और नगर पालिका सीएमओ विनोद प्रजापति मैदान में आए। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामसिंह मेवाड़ा ने और दो, तीन कचरा एकत्रित करने वाले कचरा वाहन की स्वयं चलाया तो वहीं सीएमओ विनोद प्रजापति ने कचरा उठाकर ले लिया स्वयं की पालीपोलिथिन में कचरा भरकर ले जाकर ले गए। सफाई कर्मियों की हड़ताल को लेकर नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि रामसिंह मेवाड़ा ने बताया कि नगर पालिका ने सफाई है, कुछ कर्मी वह जिन सभी मांगों मांगे थे मान लेकर की हड़ताल कई है, जो पत्र नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र की है, वे लेकर उन मांगों को लेकर आई हुए हो उनकी व्यक्तिगत है और व्यक्तिगत मांगों को नगर पालिका नहीं मान सकती है। शुद्ध सफाई कर्मी संगठन के लोग स्वयं की पदोन्नति करते पुलिस सुरक्षा की भी मांग की थी वहां बताया कर रहे सफाई कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ सफाई कर्मियों के परिवार के लोग बिना काम का वेतन ले रहे हैं, जिसका लेकर नगर पालिका ने सख्त कदम उठाते हुए काम नहीं कर रहे कर्मचारियों को एक्शन लिया है। जो कुछ कर्मचारी वह काम पर नहीं आ रहा था उन पर भी कार्रवाई की जा रही है। जो भी कोई काम करेगा वही वेतन पाएगा।

महकने किया प्रदर्शन- सीएमओ

सीएमओ विनोदप्रजापति ने बताया कि कुछ कर्मियों द्वारा अपने निजी लाभ के चलते कर्मचारियों को प्रेरित कर संगठन पर गलतियों को बताकर वेतन कुछ किया जा रहा है वो बिलकुल गलत है। कुछ ने भी ऐसे शिकायत होनी द्वारा सफाई मित्रों एवं अन्य कर्मचारियों में फूट डालकर नगर का वातावरण खराब करने का प्रयास किया गया था।

बड़े बकायदारों पर सख्ती, बाइक कुर्क, अब ट्रांसफार्मर बंद करेंगे

डीआर संवाददाता-श्यामपुर

श्यामपुर नका क्षेत्रीय विद्युत वितरण कंपनी ने बकाया बिजली बिल वसूली के लिए बड़े बकायदारों पर सख्ती शुरू की। ग्राम सावनबेड़ा, मकरबाबर, सलखेड़ा समेत आसपास के गांवों में घरेलू कनेक्शन और कृषि पंप के करीब 6 बड़े बकायदारों की बाइक कुर्क की गई। कार्रवाई के बाद बकायदार उपभोक्ताओं में हड़कंप है।

विभाग ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बिल बकाया है, बार-बार सूचना के बाद भी भुगतान नहीं हुआ, उन पर कुर्की की जा रही है। सहायक यंत्री लक्ष्य दुबे ने बताया कि श्यामपुर उपखंड ने आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। वितरण केंद्र क्षेत्र में बड़े बकायदारों पर कुर्की होगी। ट्रांसफार्मर बंद किए जाएंगे। बिजली कनेक्शन भी काटे जाएंगे।

लखन दुबे ने उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे कार्रवाई से बचा जा सकेगा।

कनेक्शन कटने की परेशानी नहीं होगी। कार्रवाई के दौरान सहायक यंत्री लखन दुबे, कनिष्ठ यंत्री बलवंत यादव, लाइनमैन धर्मेंद्र पटेल, विनोद, सुनील, रामनिवास समेत अन्य लाइन कर्मचारी मौजूद रहे।

जलगांव ने जूनियर को 148 रन से हराया

सीहोर। शहर के गोपालदास मैदान पर नगर टीम रथ की गेंदबाज राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को एक मात्र मैच खेला गया। जिसमें जलगांव ने पीपीसीए जूनियर को 148 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में जलगांव की ओर से गणेश ने मात्र 38 गेंद पर पॉच छक्कों की मदद से 83 रन, भोला चौधरी ने 54 रन और अमोल कोपले ने 25 गेंद पर 45 रन की विस्फोटक पारी खेली।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी जलगांव की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में दस विकेट खोकर 269 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसमें गणेश ने 83 रन, लक्ष्मण सिंह ने 90 रन, अमोल कोपले ने 45 रन, भोला चौधरी ने 54 रन, गणेश चान्नोत ने 19 रन की शानदार पारी खेली। वहीं पीपीसीए जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए हार्दिक वर्मा ने तीन विकेट, अंकादित्य गोहिया ने दो विकेट, वाशिमी, नवनीत सोनी, मनीष परमार ने एक-एक विकेट हासिल किया।आयोजन समिति की ओर से अतुल त्रिवेदी और नियांशु दीक्षित ने बताया कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपीसीए जूनियर टीम नौ विकेट खोकर 101 रन ही बना सकी। इसमें मनीष परमार ने 35 रन, नवनीत सोनी ने 13 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली।

अग्रवाल महिला मंडल और महेश्वरी मंडल द्वारा आज जगदीश मंदिर तारा अग्रवाल द्वारा

डीआर संवाददाता-सीहोर

सीहोर में परंपरा अनुसार गणगौर पर्व मनाया जा रहा है जिसमें आज गणगौर का स्वागत हेतु अग्रवाल जी के घर पर किया गया साथ ही अग्रवाल समाज की महिलाओं की गीट जी आयोजन भी हुआ जिसमें गेरा अंटेचीविता सोनल कुमार और रैप वाक पर इतराती इठलाती बहू बेटियों ने भाग लिया

गणगौर ने महिलाओं ने पहले पारम्परिक गीत गाये और बाद में ईसर गौरा को झाले दिए जिसमें महिलाओं ने ईसरदास के साथ गणगौर पर्व को इनाया इस पर्व में लगी सोलह श्रृंगार करके महिलाए अपने घर से निकलाए है अग्रवाल पंचायती भवन से गणगौर लेकर सभी ढोल ढमाके के साथ गणगौर लेकर ग्राम बगीचीडरवाल के कल गणगौर तारा अग्रवाल जी द्वारा स्वागत किया गया इसका आयोजन जगदीश मंदिर सब्जी मंडी पर रखा गया है अग्रवाल अग्रवाल महिला मंडल सभापति श्री रोहिता प्रेमलता सोनल लता अग्रवाल नीलिमा अग्रवाल हेमा अग्रवाल मालती अग्रवाल सभा मंत्री मंजु माहेश्वरी ज्योति कलिया मधु गोयल मनता मित्तलिया सभी ने इस पर्व को मनाने की कामना की है 16 दासियां को रिजल्ट होगा जी की गोठी पार्क जाएगा एवं दिन गणगौर सार्वजनिक समाज के द्वारा गाजे बाजे से गणगौर निकाली जाएगी।

श्री राम नवमी शोभा यात्रा का भव्य शंखनाद

डीआर संवाददाता-सीहोर

आगामी 27 मार्च शुक्रवार को निकलने वाली श्री राम नवमी शोभा यात्रा के अध्यक्ष भविष्य राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी श्री राम नवमी शोभा यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं इसी दौरान शोभा यात्रा के पूर्व गोधूलवार 17 मार्च को गंज स्थित श्री राम जानकी मंदिर मंदिर में संतों के सानिध्य एवं उपस्थिति में महा आरती का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त एवं श्री राम भक्त हनुमान मित्र मंडल के सदस्य उपस्थित रहे इस अवसर में श्री राम नवमी शोभा यात्रा के अध्यक्ष भविष्य राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी श्री राम नवमी शोभा यात्रा का भव्य आयोजन 27 मार्च को किया जा रहा है जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी है मेरा सम्पूर्ण समाजनी हिंदू समाज एवं श्रद्धालुओं से निवेदन है की यात्रा में शामिल होकर उस कार्य में अपनी सहभागिता दें ।

नरवाई नहीं जलाने के लिए रथ ग्रामीणों को प्रेरित किया

डीआर संवाददाता-बरखेड़ा हरान

गुरुवार को क्षेत्र के बरखेड़ा हरान सहित कई गांवों में जागरूकता रथ पहुंचा। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को नरवाई नहीं जलाने के लिए उपस्थित अधिकारियों ने जागरूक किया।रथ पर उपस्थित अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों की जानकारी भी दी। उपस्थित ग्रामीणों पर किसानों को नरवाई नहीं जलाने व ओर किसी को भी नरवाई नहीं जलाने की सख्त हिदायत गई। इस दौरान समिति रामप्रसाद भगवती प्रसाद शर्मा, नंदकिशोर विश्वकर्मा, मनोज, ओमकार लखरी, देवेंद्र कुशवाह, जागरूकता रथ के साथ ही लगे गांवों में जाकर किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए प्रेरित करेगा। इसके साथ ही किसानों को नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों की जानकारी भी देगा। इस दौरान उपस्थित किसानों को कृषि विस्तार अधिकारी व मनीष लखरे ने जागरूक किया।

कुबेरेश्वर धाम में गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर भंडारे का आयोजन,

डीआर संवाददाता-सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी कुबेरेश्वर धाम में गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर भंडारे के साथ करीब पांच क्विंटल से अधिक शुद्ध घी की जिलेबी का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

धाम पर निशुल्क रथ से श्रद्धालु का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर वितरण सेवा समिति की तरफ से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर लुहाना आदि ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की वितरण व्यवस्था संभाली।वितरण सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर आते हैं। समिति के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन, पंजाबल और स्वादिष्ट वितरण आदि की व्यवस्था की है।

गुरुवार को गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर सुबह शिव और शक्ति की आराधना की गई और पांच क्विंटल शुद्ध घी की जिलेबी, तीन क्विंटल मिठा मात के अलावा पोटी और सब्जी आदि का वितरण वहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को किया गया।

समारोह

भागवत कथा के अंतिम दिवस मनाया फाग

कृष्ण की हर लीला में धर्म की स्थापना, अधर्म का विनाश और प्रेम की पराकाष्ठा

डीआर संवाददाता-सीहोर

शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज के मार्गदर्शन में कथा के अंतिम दिवस फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगवान के भजनों के साथ यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने आस्था और उल्लास के साथ होली खेली। इस मौके पर विप्र चरित्र पर रमण होता है, महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का उद्देश्य धर्म की स्थापना, अधर्म का विनाश और प्रेम की पराकाष्ठा निहित है। साथ-साथ उनके विप्र चरित्र पर रमण होता है, जन्मस्थान परिवार के ठाकुर प्रसाद जायसवाल एवं समस्त हृदय आनंद और शांति से भर उठता है। मात्र लीलाएं हमें निर्दोषता और वात्सल्य का पाठ पढ़ाती हैं, जबकि रासलीला भक्ति की पराकाष्ठा है। जायसवाल परिवार के ठाकुर प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भजन-कथावाचन में साथ दिव्यसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए जबकि द्वारपाल ने द्वारिकाधीश से जाकर कहा, प्रभु द्वार पर एक ब्राह्मण आया है और आपसे मिलना चाहता है। वह अपना नाम सुदामा बता रहा है। यह सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने चाणमहल के द्वार पर पहुंच गए। यह सब देख वहां लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े-दौड़े चले आए। बचपन के मित्र को गले लगाकर भगवान श्रीकृष्ण उन्हें राजमहल के अंदर ले गए। अपने सिंहासन पर बैठाकर

पार्टी पदाधिकारियों की आधिकारिक घोषणा

डीआर संवाददाता-सीहोर

आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय ने जिले के लिए पार्टी पदाधिकारियों की आधिकारिक घोषणा कर दी। यह घोषणा प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह लोन, सह प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी की सहमती से हुई। विकासखण्ड फोन बालाघर की नियुक्ति के 10 दिन के भीतर पूरी टीम तैयार हो गई। इसके कार्यकलापों में उत्साह दिखा। फोन बालाघर ने कहा कि नई टीम से पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। सूची में कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दिन, प्रमाणपत्र की जिम्मेदारी दी गई। टीमू सुलतान को जिला संगठन मंत्री बनाया गया। जमल पहलवान, रितीश डांगी, राजेंद्र शर्मा, राकेश चौहान, राकेश पाकड़, नरेश शर्मा, राजेंद्र सोलंकी, शेख साजिद को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। गुड्डू, अशोक कुमार, गब्बर, लखन उदयपुरिया, रमेश अहिरवार को जिला सचिव बनाया गया। शकल खत्री, रमजान खान, अरविंद बनवारी, श्याम नेगा, अनिल वर्मा, राधेश्याम जाट, प्रमोद नागर, इमरान चौधरी, बनत सिंह, बनवारी गौर, गोपाल पटेल को जिला संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | चैत्र शुक्ल पक्ष-02,2082 | विदिशा, दिन ,शुक्रवार ,दिनांक 20 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

जिला बदर का आदेश जारी

विदिशा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक के माध्यम प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। जारी आदेश में उल्लेख है कि विभिन्न अपराधों में लिप्त अनावेदक संजय भागदेव उर्फ गांठी पिता स्व0 नारायण प्रसाद भागदेव उम्र 44 साल निवासी वार्डनंबर 15 थाना लुहागंज मोहल्ला मिश्रिका थाना कोतवाली विदिशा के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही एक साल के लिए की गई है। उक्त अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से एक साल की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

टिप्पणी, शिक्षक निलंबित सोडिया पर

गंजबासौदा । की नई अम्बर शिक्षक को भारी पड़ गई। गंजबासौदा की शासकीय प्राथमिक शाला जमनिया में पदस्थ शिक्षक गोविंद सिंह कुशवाहा को निलंबित कर दिया गया। कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी विदिशा ने की। मामला 11 मार्च का है।ग्रामीण कार्यकर्ता गगन दुबे ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसद में दिए भाषण से जुड़ी पोस्ट साझा की थी। इसी पोस्ट पर शिक्षक गोविंद सिंह कुशवाहा ने अपमान टिप्पणी की। टिप्पणी सामने आते ही मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

बीयू में वार्षिक परीक्षा के फॉर्म 7 अप्रैल तक भराएंगे

विदिशा। बरकतउल्ला विवि ने एनईपी के तहत सत्र सेकंड ईयर और थर्ड ईयर की वार्षिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया घोषित कर दी है। बीए, बीकॉम, बीएससी, होम साइंस होम साइंस, बीबीए, बीसीए, बीए मैनेजमेंट और बीपीईएस कोर्सेज के रेगुलर व स्वाध्यायी स्टूडेंट्स 7 अप्रैल तक फॉर्म भर सकेंगे।

नीट एमडीएस में आवेदन 30 मार्च तक कर सकेंगे

विदिशा। बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज की ओर से नीट एमडीएस की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तारीख 30 मार्च है। सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के लिए आवेदन शुल्क 3000 रुपए नहीं एससी, एसटी और निशक्त वर्ग के लिए 2,000 रुपए है।

निर्णयों का पालन नहीं करने से कर्मचारियों में गहरा असंतोष

सहकारी समिति कर्मचारियों ने दिया 25 मार्च तक का अल्टीमेटम, मांगें पूरी न होने पर 1 अप्रैल से काम बंद

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नाराजगी जताई है। कर्मचारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर 25 मार्च तक सभी मांगों के निराकरण की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि समय सीमा में समाधान नहीं होने पर 1 अप्रैल से जिलेभर में धरना-प्रदर्शन और काम बंद आंदोलन शुरू किया जाएगा। कर्मचारियों ने बताया कि उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर 22 सितंबर को विभागीय अधिकारियों और महासंघ पदाधिकारियों की बैठक में सहमति बनी थी। हालांकि इन निर्णयों का अब तक पालन नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष है। आंदोलन की चेतावनी दे कर्मचारी नेता मेहर सिंह मीणा ने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगें लंबित है और अब आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है। वहीं कर्मचारी गोविंद दुबे ने स्पष्ट किया कि यदि 25 मार्च तक मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 1 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और काम बंद आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। यह आंदोलन प्रदेशभर की 4623 पैक्स समितियों और 22 हजार 600 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से संचालित सरकारी योजनाओं को प्रभावित कर सकता है। इनमें ऋण वितरण, कर्ज वसूली, उपार्जन, खाद-बीज वितरण, राशन वितरण और ऑनलाइन ईआरपी कार्य शामिल है। यदि कर्मचारी हड़ताल पर जाते हैं, तो इन योजनाओं पर व्यापक असर पड़ेगा, जिससे किसानों और उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

विदिशा। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे सहकारी समितियों के पदाधिकारी।

कर्मचारियों की यह हैं प्रमुख मांगें

कर्मचारियों की प्रमुख मांगें में अक्टूबर 2023 से बढ़ा हुआ वेतन देने और हर माह नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग शामिल है। इसके अलावा, विक्रेताओं को 18 माह का लगभग 54 हजार रुपए प्रति विक्रेता लंबित भुगतान तत्काल जारी करने की मांग भी उठाई गई है। साथ ही सहायक प्रबंधकों को 60 प्रतिशत पदों पर प्रदोन्नति देने, लंबित ऋण प्रक्रिया को पूरा करने और कनिष्ठ विक्रेताओं की परिवीक्षा अवधि समाप्त कर उन्हें पूर्ण विक्रेता घोषित करने की मांग की गई है।

समाधान योजना में सिर्फ अधिभार माफ, न उपभोक्ता आकर्षित हुए और न ही वसूली का लक्ष्य हुआ पूरा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा नटेरन

बिजली कंपनी ने बकाया वसूली के लिए दिसंबर में समाधान योजना लागू की थी। योजना से वसूली नहीं हो पाई। कहा यह रही कि योजना में सिर्फ सरचार्ज माफ हो रहा है। मूल की राशि कम होने से उपभोक्ता आकर्षित नहीं हुए। अफसर भी वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं कर पाए। कंपनी बार-बार तारीख बढ़ा रही है।

अफसर-कर्मचारी जेब लगाकर बिल भरने का दबाव बना रहे हैं। असर नहीं दिख रहा। नटेरन सर्किल में मार्च माह में अब तक सिर्फ 10 प्रतिशत राशि की वसूली हो सकी। मजबूरी में कंपनी ने बिजली सप्लाई काटना शुरू कर दिया। 24 से

बिजली कंपनी द्वारा लगातार शिविर में समाधान परसा रहा।

मार्च, 69 हजार का बिल थमा दिया बबली बाई मालवीय ने बताया कि मजदूरी करके तीन बच्चों को पालती है। बिजली कंपनी ने 69 हजार रुपए का बिल थमा दिया। समझ नहीं आ रहा समाधान कैसे होगा। इतना पैसा कहां से लाऊंगी। स्थानीय मुआवाह ने बताया, उन पर 24 हजार रुपए का बकाया था। 10 हजार रुपए उधार लेकर जमा किए, तब जाकर लाइट चालू हुई।

10 मार्च तक बिल जमा करने दिया था नोटिस

कंपनी ने उपभोक्ताओं को 10 मार्च तक बिल जमा करने का नोटिस दिया था। राशि जमा नहीं करने पर

असुविधा से बचने मने बिल

हमने सभी पंचायतों को 10 मार्च तक बकाया राशि जमा करने का समय दिया था। जिन पंचायतों ने राशि जमा नहीं की, वहां बिजली काटने की कार्रवाई की जा रही है। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे समाधान योजना का लाभ लें और बिल जमा कर असुविधा से बचें। लालाराम चेरवाल, सुपरवाइजर, बिजली कंपनी नटेरन-कालीपुर, नारखेड़ा घाट, नागौर रायपुर, सेऊ, राशन हिनौतिया जैसे आधा दर्जन गांवों की बिजली काट दी गई।

व्यापार महासंघ चुनाव, सात पदों के लिए 36 फार्म बिके

दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक फार्म जमा होंगे

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

व्यापार महासंघ के त्रिवार्षिक सत्र 2026-2029 के चुनाव को लेकर शहर में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आवेदन फार्म लेने की अंतिम तिथि पर कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल के पास दिन भर व्यापारियों की आवाजाही रही।

महासंघ के सात पदों के लिए खुल 36 फार्म लिए गए। कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए राजेश जैन, राजीव जैन गड्डा ने फार्म लिया। महामंत्री पद के लिए उमेश कुमार बिल्ला, नरेन्द्र सोनी, राजेश सोनी खुराना, सौरभ भंडारी बन्नी ने फार्म लिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए हरीश खाकरी, आदीश सोनी बाबा, पवन जैन ने फार्म लिया। उपाध्यक्ष पद के लिए नीरज भौरासिया, आदीश महावीरी, राजीव पुष्पराज, विनोद शर्मा ने फार्म लिया।

कोषाध्यक्ष पद के लिए कमलकुमार अग्रवाल, नवीन जैन ने फार्म लिया। वरिष्ठ मंत्री पद के लिए मनीष अग्रवाल, विवेक शर्मा, हरीश अग्रवाल, जितेन्द्र जैन, राजकुमार गोयल, अमित उपाध्याय, वीरेंद्र सोनी ने फार्म लिया। संयुक्त मंत्री पद के लिए नवीन अग्रवाल, अनुराग गोयल, कमलकुमार नेगर, विवेक शर्मा ने फार्म लिया। चुनाव वर्ष 2023-2026 को होगा।

सशक्त वाहिनी की कक्षा में निर्वाचन प्रक्रिया पर हुई प्रश्नोत्तरी

बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मिला मार्गदर्शन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत संचालित सशक्त वाहिनी की कक्षा में आज परियोजना अधिकारी श्री संतोष सिंह द्वारा बालिकाओं को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कक्षा के दौरान श्री सिंह ने बालिकाओं के ज्ञान स्तर का आकलन करने के उद्देश्य से निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न पूछे। बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए उत्तर दिए, जिससे उनके सामान्य ज्ञान एवं जागरूकता का स्तर परखा गया। इस अवसर पर उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के महत्व एवं नागरिकों की जिम्मेदारी पर भी विस्तार से जानकारी दी।इसके साथ ही श्री सिंह ने बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, समसामयिक घटनाओं की जानकारी एवं आत्मविश्वास के महत्व पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना एवं उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना रहा। सशक्त वाहनी के माध्यम से बालिकाओं को निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनमें

बाप-बेटे के बीच जमीन बेचने के विवाद पिता की गर्दन पर बेटे ने किया वार, भागते समय अचेत होकर गिरे, मौत

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रिछई गांव में कुपवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां बेटे ने अपने 70 वर्षीय पिता की धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार मृतक दीवान सिंह मीणा दोपहर में अपने पशुओं को चराकर घर लौटे थे। घर के बाहर चबूतरे पर बैठते ही उनके बेटे कृष्णकुमार मीणा (40) ने अचानक धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। उसने गर्दन पर कई वार किए। इसके दौरान पिता गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल बुजुर्ग के लिए वे करीब 100 कदम तक भागे, फिर अचेत होकर गिर पड़े। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार पिता-पुत्र के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि खुद

खुद ने पिता की गर्दन पर वार कर मौत के घाट उतार दिया।

दिन चढ़ते दीवान सिंह ने अपनी कृषि भूमि का हिस्सा बेच दिया था। इसके पुनरावलोकन नाराज था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती रहती थी।

घटनास्थल का यह विवाद हिंसक रूप ले लिया।

घटना के समय आसपास के लोग एकत्रित एकत्रित हुए। बौरीगंज चौकीप्रभार ने सूचना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची जोड़ा पुलिस ने आरोपी कृपाराम को घटनास्थल

उसने से पास ही बैठा पाया। मानने की कोशिश नहीं की। एक एक पैर से चिकित्सालय भाग जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लोगों अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कार्यवाई जारी है। इस घटना ने क्षेत्र में रिश्तों के टूटते ताने-बाने और पारिवारिक विवादों के भयानक परिणामों को उजागर कर दिया है।

विदिशा में 42 कम्पोजिट मदिरा दुकानों से सरकार को 229 करोड़ का राजस्व, 32 दुकानों के टेंडर जारी

डीआर संवाददाता ✍ लटेरी

जिला में मदिरा दुकानों के संचालन से राज्य शासन को इस वर्ष 229 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकानों के नए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं।

जिले में कुल 74 कम्पोजिट मदिरा दुकानें संचालित हैं, जिनमें से 42 दुकानों के समूहों का एकलताकूर्दाक आवंटन किया जा चुका है। शेष 32 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से आवंटन किया जाएगा।जिला आबकारी अधिकारी श्री पंकज बालक द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार इन दुकानों की नीलामी प्रक्रिया 19 मार्च 2026 को भी आयोजित की गई है। इच्छुक आवेदक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भाग ले सकेंगे। प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए पूरी प्रणाली ई-टेंडर आधारित रखी गई है।

आबकारी विभाग द्वारा 12 मदिरा दुकान समूहों को उनके आरक्षित मूल्य पर रखा गया है, जिनमें सालीवा, मुसाबनेज, सिरोंज, लटेरी, कुरवाई और अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इन समूहों के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य करोड़ों रुपये में तय किया गया है, जिससे शासन को उच्च राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।जिला आबकारी अधिकारी श्री पंकज ने बताया कि सभी प्रक्रियाएं शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न कराई जा रही हैं। इच्छुक आवेदक कार्यालय से या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

औचक निरीक्षण | अनुपस्थित कर्मचारियों को जारी होंगे कारण बताओ नोटिस,

अपर कलेक्टर का औचक निरीक्षण, कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डागोर ने आज विभिन्न शासकीय विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान कई विभागों में अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिन पर सख्त रुख अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई है।

अपर कलेक्टर श्री डागोर ने आज जिला खेल अधिकारी के कार्यालय, पुरानी कलेक्ट्रेट में संचालित विभिन्न विभागों का जायजा लिया गया है।

निरीक्षण के दौरान जिला खेल विभाग में जिला खेल अधिकारी प्रतीक रावत, ज्योति ठाकुर (जिला खेल प्रशिक्षक), वीएस. कुरेला (खेल प्रशिक्षक ग्रेड-2), अमीर खान (संविदा हॉकी प्रशिक्षक), अजय चौहान (संविदा सुरक्षा कर्मी) तथा संतोष (संविदा गार्डन स्टाफ) अनुपस्थित पाए गए। वहीं नीरज मिश्रा एवं प्रीति मारोठिया को छोड़कर अन्य कर्मचारी अनुपस्थित रहे।

जिला शिक्षा केंद्र विदिशा में उमा कलावत (संविदा लेखापाल) एवं जुबराज सिंह (चपरासी) अनुपस्थित पाए गए।

इसी प्रकार जिला जन अभियान परिषद में संजय बाहरवार (लेखापाल एवं लिपिक) एवं मोनिका सोनी (डाटा एंट्री ऑपरेटर) अनुपस्थित पाए गए।

भान एवं नगर निवेश विभाग में मनोहरलाल सोनी (लेखापाल ग्रेड-3), अबूज खान (लेखापाल मानचित्रकार), एवं कविता कलावत (संविदा ऊना) अनुपस्थित पाए गए।

पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक विभाग में राजेश बाबू अहिरवार (अस्थायी कर्मी) तथा कल्याण विभाग में श्री आदित्य सरपाल (कल्याण निरीक्षक) एवं श्री मोहन मिश्रा (सर्वशिक्षा सहायकलेखा) भी अनुपस्थित मिले।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा साफ-सफाई एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए।

लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त

टीला स्टेशन के पास की घटना, लाल तौलिया बांधने वाले आरोपी की तलाश शुरू

ट्रैक पर बांधा लाल तौलिया, आधे घंटे रुकी महामना एक्सप्रेस

डीआर संवाददाता ✍ गंजी बासौदा

खजुराहो से कलकत्ता भोपाल की ओर जाने वाली 22184 खजुराहो-भोपाल महामना सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से चल रही थी। ईशानगर नगर से स्टेशन निकलने के बाद टीला स्टेशन के पास एक लाल रंग का तौलिया बीच रेलवे लाइन पर दो लकड़ी के टुकड़ों से बांध दिया गया था। जिसके कारण लोको पायलट ने खजुराहो-भोपाल एक्सप्रेस को टीला स्टेशन पर खड़ा कर दिया।खराब लाल रंग के खतरे के निशान को निकाला। देखा तो एक लाल रंग का तौलिया

रेलवे ट्रैक के बीच में बंधा हुआ था। जिसकेकारण लोको पायलट ने इसकी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। जिसके कारण गाड़ी क्रमांक 22184 खजुराहो-भोपाल एक्सप्रेस 30 मिनट तक टीला स्टेशन पर खड़ी रही।लोको पायलट ने दिनेश वर्मा ने बताया ट्रैक के बीच लाल तौलिया बंधा हुआ था, जिसको देखकर उन्होंने ट्रेन रोक दी। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मोबाइल पर निर्देश मिलने के बाद 6:15 बजे टीला स्टेशन से खजुराहो-भोपाल एक्सप्रेस रवाना की गई। आरपीएफ एवं रेलवे सुरक्षा बल तौलिया बांधने वाले आरोपी की तलाश कर रही है।आरपीएफ टीआई राजेंद्र सिंह के अनुसार रेलवे ट्रैक पर इस तरह लाल कपड़ा बांधकर ट्रेन रुकवाना गंभीर अपराध माना जाता है। कार्रवाई हो सकती है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | चैत्र शुक्ल पक्ष-02,2082 | राजगढ़, दिन शुक्रवार ,दिनांक 20 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

तीर्थ दर्शन योजना में आज जगन्नाथ पुरी जाएंगे श्रद्धालु

राजगढ़। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 20 मार्च शनि आज शाम 6 बजे ब्यावरा रेलवे स्टेशन से करीब 200 श्रद्धालु जगन्नाथ पुरी धाम के लिए रवाना होंगे। जिला प्रशासन ने स्टेशन पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। यात्रियों को समय से पहले पहुंचने व मूल आधार कार्ड सहित आवश्यक दस्तावेज साथ लाने के निर्देश दिए।

गेहूं खरीदी से पहले तैयारी दुरुस्त करने के दिए निर्देश

राजगढ़। कलेक्टर डॉ निरोबा कुमार सिंहा ने जिला उपार्जन समिति की बैठक में गेहूं खरीदी को लेकर व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने तौल कांटे, बोरे, परिवहन, मंडियों व पंजीयन-छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने व किसानों को जानकारी देने के निर्देश दिए।

अज्ञात कारणों से शिक्षिका ने खाया जहर, गंभीर, रेफर

ब्यावरा। सिटी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक 48 वर्षीय महिला द्वारा अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार शिक्षिका पत्नी पत्नी राय सिंह निवासी ने गुरुवार सुबह अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

गुना। शहर में शनिवार शाम मोती कॉलर समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज की एकजुटता, संगठन के विस्तार और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समाज के पदाधिकारियों और वरिष्ठजनों ने समाज को संगठित और मजबूत बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि संगठन को मजबूती देने के लिए सबसे पहले जिला स्तर पर व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि समाज की एकता और सहभागिता को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण करें अधिकारी

राजगढ़। कलेक्टर डॉ निरोबा कुमार सिंहा की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक हुई। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, चार्जर सर्टिफिकेट, सीएम हेल्पलाइन व भारमाफिसर प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। बस्तुली एंट्री नहीं करने पर चाटुखेड़ा, गलवर व किला अमरगढ़ के नायब तहसीलदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जर्जर स्कूल सकारीका हिस्सा गिरादो बच्चे दबे

सरदारपुर। जिलाकलेक्टर के ग्राम संजनवड़ में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां बच्चों के जर्जर खड़ा सरकारी स्कूल भवन का एक हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत की बात है कि घटना के समय स्कूल में बच्चे मौजूद नहीं थे। हालांकि इस घटना से आस-पास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने तत्काल मलबे से दबे बच्चों को बाहर निकाला और राजगढ़ के निजी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां एमएल जैन के अनुसार, दोनों बच्चों के पैरों की हड्डियां टूट गई हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

वायपास की मांग | जिले के छोटे-छोटे शहरों में बन गए बाईपास, पर राजगढ़ मुख्यालय अभी भी तरस रहा

आखिरकार कब तक नरबलि लेगा राजगढ़ के बीच से निकला बाईपास ?

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

शहर के बीचों-बीच से निकल रहे बाईपास पर आए दिन दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं। दो दिन पूर्व ही स्थानीय दरगड़ के सामने अनियंत्रित रफ्तार पकड़े एक ऊंचर ने एक छात्रा को ऐसा कुचल दिया कि उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं साथ की दूसरी छात्रा अभी भी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है।

इसके साथ बीते एक दो वर्ष के दौरान घनी आबादी और व्यावसायिक के बीच से निकल रहे इस बाईपास पर दर्जनों एक्सीडेंट के मामले सामने आ चुके हैं। ब्यावरा, खिलचीपुर, सारंगपुर जैसे तहसील मुख्यालयों के हाईवे के बाईपासों का निर्माण सरकार करा दिया गया है लेकिन जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां का बाईपास अभी तक शहरी सीमा के अंदर से ही निकल रहा है। जबकि, पीडब्लूडी विभाग की एनएच विंग नवीन बाईपास निर्माण के लिए करीब 400 करोड़ की राशि स्वीकृति भी कर चुकी है। यूंकि नागरा देश की राजधानी दिल्ली में अटका हुआ है इसलिए राजगढ़ गढ़ के आमजनों द्वारा क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर से मांग की जा रही है कि इस गंभीर मसले को प्राथमिकता में लेकर दिल्ली से स्वीकृत करवाएं।

इन दो रूटों में से कोई एक होगा है तय, जो दिल्ली में अटका

राजधानी दिल्ली में अटकी दो स्वीकृत मानों की फाइलें, राशि पूर्व से स्वीकृत

नवीन बाईपास निर्माण के लिए जहां 400 करोड़ के लगभग की राशि तो स्वीकृत हो चुकी है लेकिन एक बिंदु पर एक दो रूटों में से किस रूट पर बाईपास का निर्माण किया जाए इस बारे में मामला अधर में लटका हुआ है। बाईपास निर्माण के लिए सोंधी रूट वाला अप्रूव्ड-1 तो फॉसिल किया जा चुका है। दूसरे ओरिजिन वाले बाईपास की लंबाई 95 किमी है जो जयगढ़, रघुनाथगढ़, मकलीपुर, जुगलपुर, हरदीपुरा, बैरसेरी वाला है। वहीं तीसरे रूट अप्रूव्ड वाला है जो रावतपुरा, कालीतलाई, महापुरा, बैरसेरी पाटलखेड़ा, गोमांचपुरा, सोरवीपुरा, हरदीपुरा, जोगीपुरा, फतेहपुर वाला है।

जनप्रतिनिधि भी नहीं दिखा रहे रुचि

राजगढ़ शहर के आम नागरिक जहां बाईपास के सीधा निर्माण की मांग कर रहे हैं वहीं जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति के चलते प्रशासनिक अधिकारी भी मौन साधे बैठे हैं और बाईपास की फाइलें दिल्ली मंत्रालय में धूल खा रही हैं। सांसद के जनप्रतिनिधि अलवाला मामले को समय-समय पर उठा रहे हैं लेकिन किसी में होने के चलते उनकी बात को कोई तवज्जो ही नहीं दी जा रही है।

प्रकाश मेलगढ़ . .

पूरे प्रदेश में जाना हूं। राजगढ़ बाईपास के लिए विगत दिनों की पेंडिंग बातें से खाए हुई हैं। कुछ तकनीकी दिक्कतों हैं। कल राजगढ़ तक होन जा रही गई। जल्द बाईपास को भी पोरी मार्ग से से एक की स्वीकृति करने चाहिए।

रोड़मल नागर, सांसद लोकसभा क्षेत्र, राजगढ़

15 दिसंबर 2024 पीडब्लूडी एनएच विंग के अधिकारियों जिला प्रशासन संबंधितों उपस्थितियों की एक बैठक बाईपास के का पहाड़ा करते हुई थी। इस बैठक में बाईपास बाहर बना कर एवं एक कॉलेज किया जा चुका था लेकिन 58 किमी से अधिक लम्बा रोड है। इसमें 4 बड़ी के 2 अन्य बड़ी में से किसी एक को चयनित करने हेतु अधिक बैठक के तहत में पेंडिंगमेंट चल रही है और मामले को कहने तोर निर्णय लिया गया है की एनएच विंग के एमएच के पिनी बंधारा में शुरू का रही है।

चोरी की बाइक चला रहा था प्रधान आरक्षक, एसपी ने किया लाइन अटैच

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

ढाई साल पहले चोरी हुई बाइक को एक प्रधान आरक्षक द्वारा उपयोग किए जाने का मामला सामने आया है। करियादी की शिकायत के बाद एसपी अमित-सुरेश तोकानी ने संबंधित प्रधान आरक्षक योगेंद्र सिंह को लाइन अटैच कर मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार गांव बाका निवासी सज्जन सिंह चौहान ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि उसकी बाइक (एमपी-39, एनएफ-5930) 23 जुलाई 2023 को चोरी हो गई थी। इस संबंध में उसने थाना में आवेदन देकर सूचना भी दी थी। एमपी से स्पलेंडर की करियादी के अनुसार लाल ही में राजगढ़ में लगे उसे मिले में उसने अपनी वही बाइक देखी, जिसे प्रधान आरक्षक योगेंद्र सिंह उपयोग कर रहे थे। बाइक को पहचानने के बाद उसने पूरे मामले की लिखित शिकायत एसपी से की और वाहन वापस दिलाने की मांग की। आवेदन में करियादी ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी द्वारा अवैध रूप से उसकी संपत्ति का उपयोग किया जा रहा है, जो गंभीर मामला है।

पुलिस ने आवेदन लेकर रसीद, एफआईआर नहीं की

करियादी का आरोप है कि खुजनेर पुलिस ने चोरी के इस मामले में एफआईआर लिखने के बजाए सिर्फ आवेदन लिया था। सवाल है कि आवेदन लेने के बाद ये बाइक पुलिस तक कैसे पहुंची, यदि पुलिस तक पहुंच भी गई, तो आवेदन के आधार पर करियादी को सूचना क्यों नहीं दी गई, बल्कि प्रधान आरक्षक खुद इस बाइक का उपयोग करते हुए मिला है। हालांकि पुलिस इस पूरे मामले में जांच कर रही

ताकि ब्यावरा के अपराधों पर रखा जा सके नियंत्रण

ब्यावरा। कॉमर्स एसोसिएशन ब्यावरा की तरफ से शहर के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने बाबत प्रभारी वीरेन्द्र चाकड़े को आज में एकत्रित की गई सहयोग राशि जनहितार्थ सौंपी गई है। सभी कॉमर्सटों (दया विक्रेताओं) ने करीब 51 हजार 5400 रुपए सीसीटीवी हेतु पुलिस, प्रशासन को सौंपे। इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य ब्यावरा नगर में हो रही घटनाओं यथा चोरी, मारपीट, छेड़छाड़ी जैसे अन्य अपराधों की स्थिति पहलाल करना है।

मोल भाव का विवाद, भाजपा नेता के पुत्र ने ट्रक चालक को मारे चांटे

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

देहात थानान्तर्गत पुंडा मार्केट में बीती रात को भाजपा नेता के पुत्र और ट्रक चालक में विवाद हो गया। ये विवाद थाने तक पहुंच गया। नेता पुत्र का आरोप था कि ट्रक चालक उसे पत्थर लेकर मारने दौड़ा था, जबकि ट्रक चालक का कहना था कि युवकवार ने उसके साथ मारपीट की है। हालांकि अंत में बिना एफआईआर कराए ही मामला निपट गया।

दरअसल ट्रक चालक पुंडा मार्केट में सामान लेने के लिए रुका था। यहां पर भाजपा नेता के पुत्र की दुकान है। सामान पसंद आने के बाद नेता पुत्र ने उसका कुल 600 रुपए बताया, जबकि ट्रक चालक 500 रुपए देने पर अड़ा हुआ था। पहले तो मोल भाव का सिलसिला चला, लेकिन बाद में विवाद इतना बढ़ा कि हाथापाई की नौबत आ गई। हंगामे की जानकारी मिलने के बाद देहात थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों को थाने लाया गया। यहां ट्रक चालक का कहना था कि नेता पुत्र ने उसके थप्पड़ मारे। ट्रक चालक का आरोप था कि विवाद के बाद नेता पुत्र ने उसका कुल 600 रुपए बताया, जबकि ट्रक चालक 500 रुपए देने पर अड़ा हुआ था। पहले तो मोल भाव का सिलसिला चला, लेकिन बाद में विवाद इतना बढ़ा कि हाथापाई की नौबत आ गई। हंगामे की जानकारी मिलने के बाद देहात थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों को थाने लाया गया। यहां ट्रक चालक का कहना था कि नेता पुत्र ने उसके थप्पड़ मारे। ट्रक चालक का आरोप था कि